अमर उजाला 17/10/2024

छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में नेशनल साइबर सिक्योरिटी माह के अंतर्गत एआईसीटी के निर्देशानुसार कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की ओर से विस्तृत व्याख्यान किया। यह आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बताया कि साइबर सुरक्षा का मतलब है डेटा, नेटवर्क, प्रोग्राम और दूसरी सूचनाओं को अनधिकृत पहुंच, विनाश या बदलाव से बचाना। साइबर सुरक्षा की वजह से, सूचनाएं सुरक्षित रहती हैं और सिस्टम वायरस से भी सुरक्षित रहते हैं।

कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका प्रो सुजाता गोयल ने इस गतिविधि को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा पेड़ लगाए जाएंगे, हवा उतनी ही साफ़ होगी। पर्याप्त ऑक्सीजन और कम कार्बन डाइआक्साइड गैस होने से हवा साफ और प्रदूषण मुक्त होगी।

कॉलेज में वित्तीय जागरूकता सत्र आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हरविंदर सिंह सोखी ने छात्रों को प्रभावी वित्तीय प्रबंधन और दीर्घकालिक योजना के बारे में बताया। दूसरा जोखिम प्रबंधन, वित्तीय अनिश्चितताओं से निपटने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई, जिससे छात्र सूचित निर्णय लेने में सक्षम हो सके और तीसरा डिजिटल वित्तीय सेवाएं, वित्तीय लेन-देन और प्रबंधन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के लाभ और चुनौतियों पर विचार किया गया।

जीएमएन कॉलेज में पौधारोपण करता स्टाफ। संवाद